# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th

Subject : दूर्वा

Chapter : 7

Chapter Name : उठ किसान ओ

Q1नीचे लिखी पंक्तियाँ पढ़ो। आपस में चर्चा करके इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो–

(क) " तेरे हरे-भरे सावन के साथी ये आए हैं " क्या बादल  हरे-भरे सावन के साथी हैं अथवा किसान के? या दोनों के।

(ख) " तेरे प्राणों में भरने को नया राग लाए हैं " बादल ऐसा क्या लाए हैं जिससे किसान के प्राणों में नया राग भर जाएगा?

(ग) " तेरे लिए-अकेले तेरे लिए कहाँ से चलकर आई " क्या सचमुच पुरवाई केवल किसान के लिए चलकर आई हैं? वह कहाँ से चलकर आई होगी?

Answer. (क) बादल, हरे - भरे  सावन और किसान दोनों के साथी हैं।

(ख) बादल के बरसने से धरती को जल मिलता हैं जिसे  किसानों द्वारा खेतों में लगायी गयी फसलों को पानी मिलता हैं और उसकी मेहनत फसलों के रूप में लहलहा जाती हैं, जिसमें किसानों के प्राण बसे होते हैं। इसलिए कवि ने बादल द्वारा लाए जल से किसान के प्राणों में नया राग भरने की बात कही हैं।

(ग) 'पुरवाई' सभी के लिए आई हैं। परन्तु किसान के लिए बहुत महत्व रखती हैं क्योंकि उसे लहलहाते खेत अच्छे लगते हैं। वह कहाँ से चलकर आ रही हैं, इसका बोध नहीं हैं। परन्तु कहा जाता हैं, पहाड़ों से पुरवाई हवा चलती हैं।

Page : 47 , Block Name : कविता से

Q2 कविता के आधार पर बताओ कि

(क) जब हरा खेत लहराएगा तो क्या होगा?
(ख) बादलों के घिर आने पर कवि किसान को उठने के लिए क्यों कहता हैं?
(ग) रूप बदल कर बादल किसान के कौन से सपनों को साकार करेगा?

Answer. (क) जब हरा खेत लहराएगा तो वह हरी पताका फहराएगा।

(ख) बादलों के घिर आने पर कवि किसान को उठने के लिए इसलिए कहता है क्योंकि बादल उसके साथी हैं। वह उसके खेतों में प्राण डालने आये हैं।

(ग) रूप बदल कर बदल किसान के ज़मीन को हरा भरा और फसल को लहलहाने के लिए पानी बरसाएगा। जिससे अच्छी फसल होगी और किसान अपने सपनों को साकार करेगा।

Page : 47 , Block Name : कविता के आधार पर बताओ कि

Q3

हरा खेत जब लहराएगा

हरी पताका फहराएगा

छिपा हुआ बादल तब उसमें

रूप बदलकर मुस्काएगा

कविता में हम पाते हैं कि सावन की हरियाली बादलों के कारण ही हुई है इसलिए कवि को उस हरियाली में मुस्कुराते बादल ही दिखाई देते हैं। बताओ, कवि को इन सब में कौन दिखाई दे सकता है-

(क) गर्म हवा। लू के थपेड़े।

(ख) सागर में उठती ऊंची ऊंची लहरें।

(ग) सुगंध फैलाता हुआ फूल।

(घ) चैन की नींद सोती हुई बालिका।

Answer.(क) गर्म हवा में और लू के थपेड़ों में कवि को वर्षा की बूंदे दिखाई देंगी, जो बरस-कर गर्मी से राहत देंगी।

(ख) सागर में उठती ऊंची ऊंची लहरे कवि को समुद्री तूफान का अंदेशा दे सकती है जो आने वाले खतरे का संकेत होता है।

(ग) सुगंध फैलाता हुआ फूल वसंत ऋतु के आगमन का संदेश देता  है जिसमे तरह तरह के फूल खिलते है। और हवाएँ चलती है।

(घ) चैन की नींद सोती हुई बालिका में कवि को सुकून की ज़िंदगी दिखती होगी, जिसमें ज़िंदगी का असली मतलब सुकून की नींद में ही है।

Page : 47 , Block Name : छिपा है कौन?

Q4आजकल पुराने ज़माने की अपेक्षा किसान बहुत अधिक चीज़ों की खेती करने लगे हैं। खेती का स्वरूप बहुत विशाल हो गया है। पता करो कि आजकल भारत के लोग किन-किन चीज़ों की खेती करते हैं? अपने साथियों के साथ मिलकर एक सूची तैयार करो।

Answer. आजकल किसान तरह-तरह की सब्जियाँ, अनाज, फल, अन्य तरह के फूल आदि की खेती करने लगे हैं।

Page : 48 , Block Name : किस्म-किस्म की खेती

aglasem.com

Q5अपनी मातृभाषा में 'किसान' पर लिखी गई कविता को अपने मित्रों व शिक्षक को सुनाओ।

Answer. मैं किसान हूँ !

बंजर सी धरती से सोना उगाने का माद्दा रखता हूँ,

पर अपने हक़ की लड़ाई लड़ने से डरता हूँ |

ये सूखा, ये रेगिस्तान, सुखी हुई फसल को देखता हूँ |

Page : 48 , Block Name : मातृभाषा की कविता

Q6 खेल-खेल में

"छिपे खेत में, आँखमिचौनी सी करते आए हैं"

तुम जानते हो कि आँखमिचौनी एक खेल है जिसमें एक खिलाड़ी आँखें बंद कर लेता है और बाकी खिलाड़ी छिप जाते हैं। तुम भी अपने आस-पास खेले जाने वाले ऐसे ही कुछ खेलों के नाम लिखो। यह भी बताओ कि इन खेलों को कैसे खेलते हैं?

Answer - छुपम-छुपाई,

Page : 48 , Block Name : खेल-खेल में

Q7 गरजना - बरसना

"उड़ने वाले काले जलधर

नाच-नाच कर गरज-गरज कर

ओढ़ फुहारों की सित चादर

देख उतरते हैं धरती पर"

बादल गरज-गरज कर धरती पर बरसते हैं परंतु इसके बिलकुल उलट एक मुहावरा है–

जो गरजते हैं, वे बरसते नहीं।

कक्षा में पाँच-पाँच बच्चों के समूह बनाकर चर्चा करो कि दोनों बातों में से कौन-सी बात अधिक सही है। अपने उत्तर का कारण भी बताओ। चर्चा के बाद प्रत्येक समूह का एक प्रतिनिधि पूरी कक्षा को अपने समूह के विचार बताएगा।

Answer. दोनों ही बातें सही है | कभी-कभी बादल गरजकर रह जाते है | कभी बादल गरजने के साथ बरसते भी है |

Page : 48 , Block Name : गरजना- बरसना

Q8वर्षा से जुड़े या वर्षा के बारे में कुछ और मुहावरे खोजों। उनका प्रयोग करते हुए एक एक वाक्य बनाओ।

aglasem.com

Answer. 1. बादल में थिगली लगना(बहुत मुश्किल काम करना)- मंगल तक पहुँच जाना भारत के लिए भारत के लिए बादल में थिगली लगने के बराबर है।

2. धुँए के बादल उड़ाना(भारी गप्प हाँकना)- मैं उसका विश्वास नही करता वो धुँए में बादल उड़ाता है।

3. काले बादल छा जाना(संकट आ जाना)- दुर्घटना के बाद मेरे ऊपर काले बादल छा गए थे।

Page : 45 , Block Name : और मुहावरें

Q9 "काले बादल तनिक देख तो"

तुम भी अब तनिक शब्द का इस्तेमाल करते हुए पांच वाक्य बनाओ।

Answer. 1. मेरी बात तो सुन तनिक |

2. तुम्हारे अंदर तनिक भी लाज शर्म नही?

3.तनिक-तनिक करके एक दिन सब कुछ मिल जाएगा।

4. किसी के लिए तनिक भी बहुत होता है।

5. देश की हालत तनिक भी न सुधरी।

Page : 48 , Block Name : तनिक

Q10 तुमने वर्षा ऋतु से संबंधित कुछ गीत/गानों को अवश्य सुना होगा। अगर नहीं तो इससे संबंधित कुछ गीत/गानों की सूची बनाओ और अपनी आवश्यकता और सुलभता के अनुसार उन्हें सुनो। उनमें से किसी गीत-गाने को तुम सुविधानुसार किसी अवसर पर गा भी सकते हो।

Answer.

- आज रपट जाए तो हमें न उठइयो
- बरसो रे मेघा
- घनन घनन देखो घिर आए बदरा
- घोड़े जैसी चाल

Page : 49 , Block Name : गीत/गाने

aglasem.com